**प्रेस विज्ञप्ति**

# पहली तिमाही के परिणाम: इरेडा के परिचालन लाभ में 49% की वृद्धि, आय में 30% की बढ़ोतरी

नई दिल्ली, 10 जुलाई, 2025

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के लिए अपने लेखापरीक्षित स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों की घोषणा की, जिसमें परिचालन लाभ में वर्ष -दर-वर्ष 49% की वृद्धि और परिचालन से कुल आय में 30% की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

उद्योग जगत में अपनी अग्रणी स्थिति को सुदृढ़ करते हुए, इरेडा ने केवल 10 दिनों के भीतर अपने लेखापरीक्षित तिमाही परिणाम प्रकाशित किया - जिससे दक्षता और पारदर्शिता के लिए एक मानक स्थापित हुआ।

निदेशक मंडल ने आज आयोजित एक बैठक में कंपनी के शानदार प्रदर्शन की सराहना की और वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी।

मुख्य वित्तीय विशेषताएँ (स्टैंडअलोन) - वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही की तुलना में वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही:

- **परिचालन लाभ**: ₹677 करोड़ की तुलना में ₹454 करोड़ (↑49%)
- **परिचालन से कुल आय:** ₹1,960 करोड़ की तुलना में ₹1,511 करोड़ (↑30%)
- **नेटवर्थ**: ₹12,402 करोड़ की तुलना में ₹9,110 करोड़ (↑36%)
- **ऋण बुक**: ₹79,941 करोड़ की तुलना में ₹63,207 करोड़ (↑26%)
- **ऋण स्वीकृतियाँ:** ₹11,740 करोड़ की तुलना में ₹9,136 करोड़ (↑29%)
- **ऋण संवितरण**: ₹6,980 करोड़ की तुलना में ₹5,325 करोड़ (↑31%)

इस प्रदर्शन के बारे में संदेश देते हुए, इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा कि, "हमारी बढ़ती ऋण बुक और नेटवर्थ हमारे रणनीतिक फोकस और मजबूत संचालन को दर्शाती है। इरेडा अपने बढ़ते पोर्टफोलियो और मजबूत प्रदर्शन के साथ भारत की नवीकरणीय ऊर्जा यात्रा का समर्थन करता है, और नवाचार एवं जिम्मेदार वित्तपोषण के माध्यम से एक सतत भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है।"

श्री दास ने इरेडा की टीम की प्रतिबद्धता की सराहना की और माननीय केंद्रीय ऊर्जा मंत्री, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ; माननीय राज्य मंत्री, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ; एमएनआरई के सचिव ; मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों; और निदेशक मंडल के प्रति उनके निरंतर समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।